**Publication Name:** The Times of India
**Publication Date:** 24/02/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 23
**CCM:** 100.75


# Bharat Taxi won't let drivers earn below base rate: Shah

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Cooperation minister Amit Shah on Monday assured a minimum base fare to cab drivers enrolled on the Bharat Taxi platform, saying existing corporate aggregators operate on models focused on maximising profits.

At a town hall with cab and auto drivers from Delhi-NCR and Gujarat, Shah said drivers would receive 80% of earnings based on kms driven, while 20% would be retained as cooperative capital. "Whatever business you do, your minimum should be fixed. And whatever is more than that has to come back to you," he said, adding that three major aggregators had told him they had not set any minimum base rate.

He announced a dedicated 'Saarathi Didi' feature, allowing women travelling alone to prioritise female drivers.



At a town hall on Monday, HM Shah said the drivers on the Bharat Taxi platform could become co-owners by purchasing a share worth Rs 500

Launched earlier this month, Bharat Taxi operates in NCR and Rajkot and aims to expand to every city with a civic body. Shah said it would follow the Amul model, with 85% of profits going back to producers. Drivers can become co-owners by purchasing a Rs 500 share, with board seats reserved for driver representatives as membership grows.

**Publication Name:** The Pioneer

**Publication Date:** 24/02/2026

**Edition:** Delhi

**Page No:** 14

**CCM:** 408.82

# Bharat Taxi guarantees base rate: Amit Shah

**PIONEER NEWS SERVICE**
New Delhi

Union Cooperation Amit Shah on Monday said the newly launched cooperative cab service Bharat Taxi will guarantee a minimum base rate per kilometre for all drivers on its platform, asserting that existing ride-hailing aggregators had deliberately avoided setting such a floor to maximise corporate profits at the expense of workers.

Addressing a town hall interaction with cab and auto drivers from Delhi-NCR and Gujarat, Shah said the cooperative ride-hailing platform would return 80 per cent of profits to drivers based on kilometres driven, with the remaining 20 per cent retained as cooperative capital.

"I asked all three companies whether they had set a minimum base rate for their drivers. They said no," Shah told the gathering during the 40-minute interaction.

"We will not do this. Whatever business you do, your minimum should be fixed. And whatever is more than that has to come back to you."

## Amul model

Shah drew repeated parallels between Bharat Taxi and the Amul Dairy cooperative, which he described as a template for worker-owned enterprise at scale.

"36 lakh mothers and sisters invested just `50 each and built Amul, which has a turnover of `1,25,000 crore," he said.

"In a private dairy, the profit goes to the owner. In Amul, 85 per cent goes back to the producer. Bharat Taxi is the same concept for mobility." Drivers on the platform can become co-owners by purchasing a share worth `500, Shah said, adding that seats on Bharat Taxi's board of directors would be reserved for driver representatives as membership grows.

"When the board makes a policy against the drivers, your representative will stand up and ask -- how can you do this to our company?" he said.

## Three-year roadmap



Amit Shah in a group picture with the Sarathis of Bharat Taxi in New Delhi

Shah said Bharat Taxi aimed to enroll 15 crore drivers within two years and expand to every city with a municipal corporation within three years. The platform is currently operational in Delhi-NCR and Rajkot.

He acknowledged that the profit-sharing model would take up to three years to fully activate, asking drivers to remain patient during the establishment phase.

"Like a child who we raise for 30-40 years and who then takes care of us, you have to be patient for the first three years," he said.

## 'SAARATHI DIDI' feature

Shah announced that a dedicated 'Saarathi Didi' feature would be introduced in the Bharat Taxi app, allowing women passengers travelling alone to prioritise female drivers for their rides.

The announcement came in response to Neelam Sharma, a single mother from Bihar who had taken up cab driving after her husband died of cancer and whose account had been suspended without notice by a previous aggregator. "Women who travel alone will give priority to Saarathi Didi," Shah said. "Even if brothers earn a little less from this, it is our collective responsibility."

## Grievance redressal

Shah said Bharat Taxi would establish a three-channel grievance system for drivers comprising online, physical and call centre modes, addressing longstanding complaints that existing platforms offered support only to passengers. "Even if a driver does not know how to complain online, they can call and register their complaint. It will be automatically recorded," he said.

All policy changes on the platform will be communicated to drivers at least one week in advance via app notifications, Shah added.

## On driver dignity

Shah urged all drivers associated with the platform to stop referring to themselves as drivers and instead adopt the term 'Saarathi', citing Lord Krishna's role as Arjun's charioteer in the Mahabharata. "Lord Krishna drove Arjun's chariot and fought the whole war. Arjun touched his feet after the war. No work done with hard work is small," he said. Loans for new vehicles will be facilitated through cooperative banks using the taxi as mortgage, Shah said, while insurance would be offered through IFFCO Tokyo at minimum premiums under a tie-up with the platform.

Backed by eight top cooperative organisations, Bharat Taxi was launched on February 5, after a successful two-month pilot operation. It started services in Delhi-NCR and Gujarat initially and pan-India in the next three years, challenging established players like Ola, Uber, and Rapido. The platform currently charges no commission from drivers, departing from the 25-30 per cent deduction model followed by existing aggregators such as Ola and Uber.

The town hall interaction was also attended by Dharam Vallabh, a member of Bharat Taxi's board of directors.

**Publication Name:** Hindustan

**Publication Date:** 24/02/2026

**Edition:** Agra

**Page No:** 19

**CCM:** 158.65

Bharat Taxi will run in every municipal corporation of the country in three years: Amit Shah




# तीन वर्ष में देश के हर नगर निगम में भारत टैक्सी दौड़ेगी : अमित शाह

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में 'भारत टैक्सी' के सारथियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले तीन वर्षों में देश के प्रत्येक नगर निगम में भारत टैक्सी होगी।

शाह ने कहा कि जो श्रम कर रहा है, उसे ही मुनाफा मिलना चाहिए। हमारा उद्देश्य टैक्सी के मालिक को धनी बनाना है और सारथी ही मालिक हैं। और मुनाफे में भी उनका हिस्सा होगा। उन्होंने कहा, भारत टैक्सी को देश की पांच बड़ी कोऑपरेटिव्स को मिलाकर खड़ा किया है। अब जैसे-जैसे सारथियों की संख्या बढ़ती जाएगी और जो भी सारथी इसमें हिस्सेदार बनना चाहेगा उसे 500 रुपये के शेयर लेने पर मालिकाना हक मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि जब भारत टैक्सी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव होगा, तब इसमें कुछ स्थान सारथियों के लिए भी आरक्षित रखे जाएंगे। जब सारथी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में आ जाएंगे तब वे स्वयं अन्य सारथियों के हितों की रक्षा और चिंता करेंगे।

## बंगाल में परिवर्तन यात्रा का शंखनाद एक मार्च को



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक मार्च को दक्षिण 24 परगना जिले से भाजपा के परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। पहली 'परिवर्तन यात्रा' 1 मार्च की सुबह साउथ 24 परगना जिले के रायदिघी विधानसभा क्षेत्र से शुरू होगी। 2 मार्च को केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखली क्षेत्र से एक और यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।

**Publication Name:** Hindustan

**Publication Date:** 24/02/2026

**Edition:** Bhagalpur

**Page No:** 13

**CCM:** 285.09

Base fare will be fixed for 'Bharat Taxi' drivers: Amit Shah

**टाउन हॉल चर्चा** | केंद्रीय गृहमंत्री बोले, मुनाफे का 80 प्रतिशत हिस्सा ड्राइवरों को लौटाया जाएगा, चालकों से स्वयं को 'सारथी' कहने का आग्रह किया

# 'भारत टैक्सी' चालकों के लिए तय होगा आधार किराया : अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत टैक्सी से जुड़े सभी चालकों के लिए प्रति किलोमीटर न्यूनतम आधार किराया तय होगा। अमित शाह ने आरोप लगाया कि मौजूदा टैक्सी एग्रीगेटर कंपनियों ने अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए जानबूझकर चालक के लिए कोई आधार दर तय नहीं की है। शाह ने दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के कैब एवं ऑटो चालकों के साथ एक टाउन हॉल चर्चा में कहा कि इस सहकारी सवारी मंच के मुनाफे का 80 प्रतिशत हिस्सा ड्राइवर को उनके द्वारा तय की गई दूरी के आधार पर लौटाया जाएगा, जबकि 20 प्रतिशत सहकारी पूंजी के रूप में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि तीनों एग्रीगेटर कंपनियों से चालकों के लिए न्यूनतम आधार दर तय करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसा नहीं करेंगे, आपका जो भी व्यवसाय होगा, उसकी न्यूनतम आय तय होगी।

**15 करोड़ चालकों को जोड़ने का लक्ष्य :** शाह ने कहा, भारत टैक्सी का लक्ष्य दो साल में 15 करोड़ चालकों को जोड़ने और तीन वर्षों में नगर निगम वाले सभी शहरों तक विस्तार का है। फिलहाल यह टैक्सी सेवा दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के राजकोट में शुरू की गई है।

## ऐप में 'सारथी दीदी' नामक सुविधा जुड़ेगी

इस ऐप में 'सारथी दीदी' नामक सुविधा भी जोड़ी जाएगी, जिसके तहत अकेले यात्रा करने वाली महिलाएं महिला चालकों को प्राथमिकता दे सकेंगी। शाह ने कहा, मंच पर चालकों के लिए ऑनलाइन, भौतिक और कॉल सेंटर- तीन माध्यमों वाला एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाएगा।



नई दिल्ली में सोमवार को भारत टैक्सी चालकों से बात करते केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह। • एएनआई

**Publication Name:** Dainik Jagran
**Publication Date:** 24/02/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 16
**CCM:** 242.42

Bharat Taxi's objective is to make 'Sarathi' the owner of the company's profits: Amit Shah


# भारत टैक्सी का उद्देश्य 'सारथी' को कंपनी के मुनाफे का मालिक बनाना : अमित शाह

- गृह मंत्री ने भारत टैक्सी के सारथियों के साथ किया संवाद
- कहा- अगले तीन वर्षों में सभी नगर निगमों में होगी भारत टैक्सी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारी माडल की कैब सेवा 'भारत टैक्सी' अपने चालकों के लिए प्रति किलोमीटर न्यूनतम आधार किराया सुनिश्चित करेगी। उन्होंने मौजूदा राइड-हेलिंग एग्रीगेटर कंपनियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने मुनाफा बढ़ाने के लिए जानबूझकर कोई न्यूनतम मानक तय नहीं किया, जिससे ड्राइवरों की आय अस्थिर बनी रहती है। सरकार का लक्ष्य दो वर्षों में 15 करोड़ ड्राइवरों को जोड़ना और तीन वर्षों के भीतर देश के नगर निगम वाले सभी शहरों में सेवा का विस्तार करना है। फिलहाल यह सेवा एनसीआर और गुजरात के राजकोट में संचालित है।

दिल्ली में सोमवार को आयोजित भारत टैक्सी के सारथियों (चालकों) के साथ संवाद कार्यक्रम में शाह ने स्पष्ट किया कि भारत टैक्सी का उद्देश्य निजी कंपनियों की तरह अधिकतम लाभ कमाना नहीं है, बल्कि श्रम करने वालों को मुनाफे में साझेदार बनाना है। दूसरे शब्दों में कहें तो 'सारथी' को कंपनी के मुनाफे का मालिक बनाना है।

शाह ने कहा कि प्लेटफार्म की कुल आय का 80 प्रतिशत हिस्सा ड्राइवरों को उनके द्वारा तय की गई दूरी के आधार पर लौटाया जाएगा, जबकि शेष 20 प्रतिशत सहकारी पूंजी के रूप में रखा जाएगा। शुरुआती तीन वर्षों तक यह राशि विस्तार और संरचना मजबूत करने में लगेगी। गृह मंत्री ने कहा कि यह पहल एक बड़े सहकारी आंदोलन के रूप में विकसित की जा रही है, जिसमें ड्राइवर 500 रुपये का शेयर लेकर सह-स्वामी बन सकते हैं।



नई दिल्ली में सोमवार को भारत टैक्सी के सारथियों के साथ चर्चा करते केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह • सौ. सहकारिता मंत्रालय

## बंगाल में शाह करेंगे परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक मार्च को बंगाल के दक्षिण 24 परगना के रायदिघी से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे। इस क्षेत्र को तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता है। भाजपा राज्य के 10 में से नौ सांगठनिक संभागों में यह यात्रा निकालेगी। एक मार्च को रायदिघी के साथ-साथ कूचबिहार दक्षिण, कृष्णनगर दक्षिण, कुल्टी और गड़बेत्ता से भी यात्राएं शुरू होंगी। इस दौरान जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, गडकरी और देवेंद्र फडणवीस जैसे नेता भी अलग-अलग क्षेत्रों में मोर्चा संभालेंगे।